मुख्यमंत्री ने गोरखपुर में रुद्राक्ष से बड़ा कन्वेंशन सेंटर बनाने के दिये निर्देश

चर्चा में क्यों?

10 नवंबर, 2022 को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्य के गोरखपुर में एक बड़ा कन्वेंशन सेंटर बनाने का निर्देश दिया है, जिसकी सीट क्षमता तीन हज़ार से पाँच हज़ार के बीच होगी।

प्रमुख बिंदु

- गोरखपुर में बनने वाले कन्वेंशन सेंटर की क्षमता वाराणसी में बने हुए रुद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर की क्षमता (1200) से ज़्यादा होगी।
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बताया कि गोरखपुर का कन्वेंशन सेंटर अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त ऐसा कन्वेंशन सेंटर होगा, जिसमें राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर के बड़े आयोजन हो सकेंगे। इसके लिये गोरखपुर विकास प्राधिकरण (जीडीए) ने ज़मीन की तलाश भी शुरू कर दी है।
- गोरखपुर में इस कन्वेंशन सेंटर के बनने से राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर के सेमिनार, प्रदर्शनी व अन्य सार्वजनिक आयोजन आसानी से हो सकेंगे।
- कला, संस्कृति, व्यापार और उद्योग को बढ़ावा देने के लिये कन्वेंशन सेंटर एक हब का काम कर सकता है। इस कन्वेंशन सेंटर को वैवाहिक कार्यक्रम के लिये भी किराये पर दिया जा सकता है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/convention-centre-in-gorakhpur